## खबर संक्षेप

### नगदी सहित 45 हजार रूपए से अधिक की सामग्री जप्त

**मण्डला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला कम्प्लेंट सेल एवं सी-विजिल कन्ट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में मतदान दिवस पर भी सी-विजिल ऐप के माध्यम से 52 प्रकरण आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन से संबंधित पाये गये जिन पर एफएसटी टीम द्वारा कार्यवाही की जाकर सभी प्रकरणों को निराकृत किया गया है। निर्वाचन से संबंधित सी-विजिल मोबाईल ऐप के इलेक्शन सीजर मेंनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) द्वारा आबकारी/पुलिस विभाग एवं एसएसटी टीम के माध्यम से मतदान दिवस पर जिले में 395.88 लीटर शराब जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 45510 रूपये सभी सामग्री का कुल मूल्य नगदी सहित जप्त किया गया। जिला कन्टेक्ट सेल के एनजीआरएस/1950 हेल्पलाइन नंबर द्वारा पोर्टल के माध्यम से अब तक कुल 40 शिकायत दर्ज की गई है जिनका निराकरण भी कर दिया गया है।

### मंडला जिले में हुआ 72.80 प्रतिषत मतदान

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला जिले में लगभग 72.80 प्रतिशत मतदान हुआ। मण्डला जिले के बिछिया विधानसभा क्षेत्र में 71.63, निवास में 74.11 तथा मंडला में 72.64 प्रतिशत अनुमानित मतदान हुआ। समाचार लिखे जाने तक अंतिम रूप से जानकारी संकलन जारी है।

### मतदान संपन्न कराकर वापस लौटे दलों का फूल-मालाओं से स्वागत

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के बिछिया, निवास एवं मंडला विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराकर दलों की वापसी शुक्रवार शाम से प्रारंभ हो गई है। सफलतापूर्वक मतदान कराकर सामग्री वापसी के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला पहुंचे मतदान दलों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निवार्चन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिंह एवं आकिप खान सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने मतदान दल के सदस्यों से चर्चा की और उनके मतदान दिवस के अनुभव पूछे। साथ ही बेहतर कार्य करने के लिए मतदान दल के सभी सदस्यों और तैनात अमले की सराहना की।

**दोपहर के समय शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्र थे खाली, एक्का-दुक्का ही कर रहे थे मतदान**

# लोकतंत्र को मजबूत करने हर वर्ग ने किया मतदान

*** सुबह के समय मतदान केन्द्रों में थी लम्बी कतारें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



19 अप्रैल को लोकतंत्र के महा त्यौहार में भाग लेने हर वर्ग उत्साहित दिखा। सुबह 7 बजे से मतदान केन्द्र में वोट देने आये हर वर्ग में अपने बारी का इंतजार किया। पहली बार वोट देने वाले अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर खासे उत्साहित थे। वहीं बुजुर्गों ने अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। दिव्यांग तथा थर्ड जेंडर ने भी देश के इस त्यौहार में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने महाराजपुर, बम्हनी, पांडीवारा, प्रेमपुर, भारतज्योति स्कूल, संजयनगर बिंझिया, फूलसागर, चिरईडोंगरी, भावल आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

### पारंपरिक पोषाक पहनकर बैगा मतदाताओं ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के बैगा मतदाताओं मैं खासा उत्साह देखने को मिला। बैगा जनजाति के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बैगा मतदाता कहते हैं कि अपने वोट का प्रयोग कर उंगली में नीली स्याही लगवाना सच में गर्व महसूस कराता हैं। हमें अपने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर गर्व है, इसीलिए आज अपना काम छोड़कर अपना वोट दिया है।

### युवा मतदाताओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

आज देश का त्यौहार है इस त्यौहार में हर कोई अपनी ओर से योगदान देना चाहता है। देश का भविष्य बनाने में युवाओं का बड़ा योगदान है। युवा बड़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करके बूथ तक आ रहे हैं। मतदान करने के उत्साह में लड़के, लड़कियाँ दोनों पीछे नहीं हैं। ऐसे ही युवा मतदाता ग्राम भावल निवासी साक्षी राजपूत, प्रेमपुर निवासी दीपाली मरावी ने लोकसभा निर्वाचन में पहली बार वोट दिया है। वोट देने की उमंग उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। उन्होंने कहा कि देश के विकास में योगदान देना अपने आप में गौरव की बात है।

### दिव्यांगों ने कहा हमारे वोट से देश सशक्त बनेगा

मतदान करने के लिए दिव्यांग भी पीछे नहीं रहे। दिव्यांग मतदाता अपने पूरे उत्साह के साथ मतदान करने आए। ऐसे ही एक 69 वर्षीय दिव्यांग सोनूलाल भी वोट देने मतदान केन्द्र पहुंचे। चर्चा के दौरान सोनूलाल ने अपने वोट का महत्व बताते हुए कहा कि मैं दिव्यांग हूँ किन्तु मेरे वोट से देश चलेगा और सशक्त बनेगा। इसलिए मैं वोट करने आया हूँ। मैंने मताधिकार का प्रयोग करने अपने साथियों को भी कहा है। दिव्यांगों ने निर्वाचन आयोग द्वारा की जाने वाली व्यवस्था के प्रति संतुष्टि बताते हुए आभार भी व्यक्त किया।

### विदाई से पहले किया मतदान

मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, यह मानना है ग्राम मैली निवासी नवविवाहिता आशारानी सिंगरौरे का जिन्होंने आज विदाई के पहले मतदान किया। गुरुवार की रात आशारानी की बारात आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार की सुबह दुल्हन बनी आशारानी ने मंडप से सीधे अपने मतदान केन्द्र पहुंची और मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में आहुति दी। आशारानी के इस निर्णय पर ससुराल वालों ने भी खुष होकर सहमति दिखाई। अपने पति के साथ आकर आशारानी ने मैली मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार एक अन्य नव युवक ने स्वयं के विवाह में सम्मिलित होने से पूर्व मतदान क्रं. 11 झुलपुर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने 19 अप्रैल को ज्ञानदीप स्कूल में बनाए गए आदर्श मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं की भांति मतदान केंद्र में लाइन में लगकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। साथ ही मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान अवश्य करें। इस मौके पर केंद्र में मतदान के लिए पहुंचे मतदाताओं से संवाद भी किया। सेल्फी स्टैंड पर फोटो भी खिंचवाई।





| Sl. No. | AC No & Name | Electors Total | Latest Updated % | Round1 % (Poll Start to 9:00 AM) | Round2 % (Poll Start to 11:00 AM) | Round3 % (Poll Start to 1:00 PM) | Round4 % (Poll Start to 3:00 PM) | Round5 % (Poll Start to 5:00 PM) | Close of Poll % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 103-SHAHPURA | 271083 | 64.83 | 15.62 | 28.05 | 46.24 | 55.14 | 64.83 | 0 |
| 2 | 104-DINDORI | 250201 | 71.51 | 15.57 | 25.32 | 51.97 | 61.32 | 71.51 | 0 |
| 3 | 105-BICHHIYA | 261311 | 68.14 | 17.66 | 35.47 | 51.1 | 59.55 | 68.14 | 0 |
| 4 | 106-NIWAS | 266061 | 70.58 | 17.19 | 30.81 | 52.53 | 62.09 | 70.58 | 0 |
| 5 | 107-MANDLA | 279526 | 68.33 | 14.29 | 33.43 | 48.46 | 57.5 | 68.33 | 0 |
| 6 | 116-KEOLARI | 262079 | 70.4 | 16.3 | 30.2 | 50.6 | 61.9 | 70.4 | 0 |
| 7 | 117-LAKHNADON | 297532 | 69.8 | 18.94 | 37.8 | 53.1 | 58.3 | 69.8 | 0 |
| 8 | 118-GOTEGAON | 217621 | 62.08 | 15 | 29 | 44.58 | 51.6 | 62.08 | 0 |

# चिलचिलाती धूप में सात किमी पैदल चलकर किया मतदान

*** विकासखंड घुघरी के ग्राम पंचायत खोड़ाखुदरा जी और गोरखपुर टोला का मामला।**



विकासखंड के ग्राम पंचायत खोड़ाख़ुदरा जी और गोरखपुर के लोगों को अपने मत का उपयोग करने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां ग्राम खोड़ाखुदरा जी और गोरखपुर के मतदाताओं के लिए बनाया गया मुनगाटोला में मतदान केन्द्र गांव से सात किमी दूर बनाया गया है। जिसके कारण यहां के मतदाताओं को वोट देने के लिए पैदल जाना पड़ता है। 19 अप्रैल को हुए मतदान में चिलचिलाती धूप में यहां के ग्रामीण बिना साधन के पैदल चलकर अपना मत का उपयोग किए। यहां के लोगों के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा आवागमन के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसके पूर्व में भी विधानसभा चुनाव में अधिकारियों से एक और बूथ बनाने की बात कहीं गई थी लेकिन इस लोकतंत्र के महापर्व में लोकसभा चुनाव में भी इन ग्रामीणों की परेशानी का ध्यान नहीं रखा गया।

**बहिष्कार** | **महज 31 मत ही डाले गये जिनमें 11 शासकीय कर्मचारियों के थे।**

# इमलिया गांव में किया गया चुनाव बहिष्कार






*** मूलभूत सुविधाओं को लेकर था बहिष्कार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

प्रशासन के समझाने के बाद भी नहीं माने 19 अप्रैल को मध्य प्रदेश के 6 सीटों में लोकसभा के चुनाव संपन्न हो गए। इस दौरान लोग अपने बहुमूल्य मत का उपयोग कर वोट डाला है तो कहीं समस्या को लेकर चुनाव का बहिष्कार तक कर डाले है। इन्ही में एक बिछिया विकासखंड 105 अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया माल, इमलिया रैयत और डूंगरिया के लिए बनाए गए मतदान केंद्र क्रमांक 90 में मतदाताओं ने गांव में सड़क की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। यहां 1263 मतदाताओं में से 4:25 बजे तक सिर्फ 31 वोट ही डाले गए हैं इनमें से 11 शासकीय मतदाताएं व अन्य है। दरअसल ये गांव वाले की समस्या आज की नहीं बल्कि आजादी के बाद से लेकर अब तक की है जहां गांव से लेकर मुख्य मार्ग तक रोड ही नहीं है लोग पगडंडी रास्ते से चलकर ही जीवन व्यतीत करते आ रहे हैं इस बीच उनको कई प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है। जब इस संबंध में मतदाताओं से जानकारी लेना चाहा गया तो उनका कहना था कि कोई भी ग्राम वासी मतदान का बहिष्कार नहीं करना चाहता लेकिन शासन प्रशासन की योजनाओं से हमें वंचित रखने के चलते आज हमने मजबूरन होकर ये कदम उठाए इस बीच मण्डला से सहायक कलेक्टर, एडिशनल एसपी, विधानसभा बिछिया से तहसीलदार दिनेश बरकड़े ग्रामीणो को समझने के लिए मौके पर पहुंचे लेकिन प्रशासन की बात भी ग्रामीण नहीं मानी।

# उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा की तैयारियाँ जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा का सामूहिक आयोजन 21 एवं 22 अप्रैल को होने जा रहा है यूं तो माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने का प्रावधान चैत्र माह में पूरे महीने करने का है और जबसे चैत्र माह प्रारंभ हुआ है तब से नर्मदा भक्त लगातार माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा कर रहे हैं।

### समिति द्वारा की जा रही है तैयारियाँ

मण्डला में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर से प्रारंभ होती है और यहां से पूजन संकल्प के बाद नर्मदा भक्त तट पार कर महाराजपुर संगम पहुंचते हैं और इसके बाद कारीकोन तिराहा होते हुये मानादेई, सुरंगदेवरी, सिलपुरा, सनकुही होते हुये घाघा-घाघी तट तक पहुंचते हैं और इसके बाद परिक्रमा का यहां रात्रि विश्राम होता है दूसरे दिन तट पार कर परिक्रमा यात्रा बबैहा-गरमपानी कुण्ड पहुंचती है और फिर से यहां से ग्वारी-फूलसागर, तिंदनी, गाजीपुर, कटरा होते हुये नगर में प्रवेश करती है जहां से बसस्टैण्ड-उदयचौक होते हुये व्यास नारायण मंदिर में जल चढ़ाकर परिक्रमा संपन्न की जाती है। घाघी तट पर रात्रि विश्राम हेतु समिति द्वारा तैयारियाँ की जा रही है यहां पर नर्मदा भक्तों के भोजन उनके रूकने का इंतजाम किया जा रहा है दूसरे दिन सुबह निस्तार हेतु अस्थायी शौचालय बनाये जा रहे हैं ताकि कोई भी परिक्रमावासी खुले में शौंच हेतु न जायें।



22 अप्रैल को घाघी से तट पार करने के लिये नावों की भी विशेष व्यवस्थ की जा रही है ताकि परिक्रमावासी कम समय में सुगमता से तट पार कर सकें और किसी तरह की कोई दिक्कत उन्हें न हो। पूरे परिक्रमा मार्ग में 21 अप्रैल को सुबह महाराजपुर संगम स्थित नर्मदा प्रसादी प्रकल्प में बाल भोग की व्यवस्था समिति द्वारा कराई गई है इसके बाद रास्ते में चाय, फल-फूल एवं अल्पहार की भी व्यवस्था श्रद्धालुओं द्वारा की गई है दोपहर का भोजन सिलपुरा स्थित शिक्षा परिसर में कराया जायेगा और भोजन उपरांत परिक्रमावासी यहां कुछ समय विश्राम भी करेंगे इसके बाद पुनः यहां से परिक्रमा प्रारंभ होगी जो कि घाघी तट पहुंचेगी जहां रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया है ताकि संध्या वंदन सभी परिक्रमावासी कर सकें।



## खबर संक्षेप

### अलग अलग स्थानों से जप्त की अवैध शराब

गाडरवारा। लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की टीम द्वारा लगातार मुहिम चलाते हुये शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों अलग अलग स्थानों से अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के चीचली रोड फाटक के पास नगर के निरंजन वार्ड निवासी संतोष पिता महेन्द्र दुबे के पास से 24 पाव तथा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में संजय पिता नारायण कहार उम्र 30 साल निवासी जगदीश वार्ड के पास से 10 लीटर व जमाडा रोड पर बाबू लाल पिता लाल सिंह पटैल निवासी कोठिया थाना पलोहा के पास से 20 पाव अंग्रेजी तो नगर के यूनियन बैक के समीप सोनू पिता राजू कहार निवासी चुग्गी नाका के पास से 22 पाव, नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास राजकुमार पिता बुद्व प्रकाश साहू निवासी चौबे कालोनी भामा वार्ड के पास से 16 पाव, कुचबंदिया मुहल्ला में राजेश पिता मुन्ना कहार निवासी कौड़िया के पास से 5 लीटर।

### सटोरिया आये पुलिस की गिरफ्त में

गाडरवारा। पुलिस द्वारा सटोरियों के खिलाफ चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका बस के पास वही के निवासी संदीप पिता लखन लाल यादव उम्र 25 साल को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 220 रूपया तथा नगर के नदी मुहल्ला में तुलसीराम पिता रामनाथ छीपा के पास से भी पुलिस द्वारा सट्टा पट्टी सहित नगदी 370 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा में वही के निवासी दिनेश पिता रविशंकर कहार के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी व नगदी 230 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 4 क जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये किया गिरफ्तार

गाडरवारा। पुलिस द्वारा नगर में संदिग्धों पर नजर रखने के लिये लगातार गस्त की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी तो शहर की गोल्डन सिटी के पास एक युवक अपने हाथ में तलवानुमा हथियार लेकर घूमते हुये पाये जाने पर पुलिस द्वारा युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अंकित राज उर्फ विक्की पिता राम प्रसाद जोशी उम्र 31 साल निवासी डोला बाबा बताया गया। इस तरह युवक द्वारा अवैध रूप से तलवारनुमा हथियार लेकर घूमते हुये पाये जाने पर युवक के पास से हथियार जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है।

### महिला से मारपीट कर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम झांझनखेडा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि किसी बात को लेकर उसके साथ प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक की मौत पर बाइक चालक पर मामला दर्ज

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम झांझनखेडा निवासी सतीष पिता इमरत लाल श्रीवास उम्र 24 वर्ष अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान ग्राम कौडिया रोड पर मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 05 जे डी 2541 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने मोटर साईकिल को चलाते हुये टक्कर मार देने से सतीष को घायल किये जाने के चलते परिजन उपचार हेतु जबलपुर ले गये थें जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत होने पर पुलिस द्वारा आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## इंतजार में भूमि पूजन के अवसर लगाये गये पौधे देने लगे फल

# आखिर में कब तक बन पायेगा चीचली मार्ग का ओवर ब्रिज





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब नगर व क्षेत्र में कोई बड़ा विकास कार्य होता है तो वहां पर रहने वाले लोगों को बड़ी खुशी होते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के रेलवे स्टेशन के समीप चीचली मार्ग पर बनने जा रहे रेल्वे ओवर ब्रिज को देखते हुये जान पड़ रही थी। क्योंकि चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे गेट के बंद रहने की स्थिति में चीचली सहित आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है और जब यहां पर ओवर ब्रिज निर्माण की खबर सुनी थी तो लोगो के दिलों में इस बात की खुशी देखने मिल रही थी कि शीघ्र ही इस ओबर ब्रिज के निर्माण होने से उन्हें रेल्वे फाटक के बंद रहने की परेशानी से निजात मिल जावेगी। मगर यह सोच जहां क्षेत्रवासियों के लिये एक सपना साबित होते हुये जान पड़ रही है। क्योंकि इस ओबर ब्रिज के निर्माण को शुरू हुये कई वर्ष गुजर जाने के बाद भी उपयोग में नही आ पा रहा है? सही मायने में देखा जावे तो ओबर ब्रिज के भूमि पूजन के दौरान जो पौधा रोपित किये गये थें वह फल देने लगे है मगर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है, इस तरह अधूरा पड़ा हुआ ओबर ब्रज का निर्माण कार्य इस समय सुबह स लेकर देर रात तक शराब खोरी करने वालों से लेकर अन्य मादक पदार्थो को अवैध धंधा करने वालों के लिये सबसे सुरक्षित स्थान साबित होने से नही चूक पा रहा है..? इस तरह धीमी गति से चल रहे इस ओबर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर यातायात में सुधार के लिये बनाई गये वायपास मार्ग के औचित्य पर ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है? जबकि गौर किया जावे तो अन्य जगहों पर इसी ओबर ब्रिज के साथ या फिर बाद में जो निर्माण कार्य शुरू हुये थें वह जहां पूर्णतः की ओर दिखाई दे रहे है मगर यहां के ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ होने के कारण क्षेत्रवासियों के लिये परेशानी का कारण साबित होते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि निर्माण कार्य के चलते अधूरे बने हुये ओबर ब्रिज के पास से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा यातायात के लिये जिस तरह एक ही ओर से सकरा रास्ता उपलब्ध कराया गया जिसकी स्थिति इस तरह से बनी है कि यहां से मात्र एक ही वाहन निकल पा रहा है। इस हालत में जब कोई बड़ा वाहन गुजर होता है और दूसरी ओर अन्य दूसरा वाहन प्रवेश कर जाता है तो उसे निकलने के लिये रास्ता नही होने के कारण एक वाहन चालक को अपना वाहन वापिस करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि निर्माणधीन ब्रिज तिरछा होने के कारण यदि कोई वाहन इस मार्ग से प्रवेश कर चूका होता है तो सामने से आने वाले वाहन चालक को दिखाई नही देने की स्थिति में वह भी अपने वाहन को प्रवेश करा देता है और दोनों वाहन बीच में फंस जाते है। इस तरह परेशानी से बचने के लिये जहां अधिकांश वाहन चालक अपने भारी वाहनों को शहर के अंदर से निकालना अधिक सुविधा जनक महसूस करने से नही चूक रहे है और इसी के कारण शहर के अंदर से भारी वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी मची हुई दिखाई देना आम बात बन चुकी है और करोड़ो रूपया की लागत से बनाये गये वायपास मार्ग का औचित्य ही समाप्त हो चुका है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो जिस तरह निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा ब्रिज निर्माण संबंधी पार दर्शिता को गुप्त रखते हुये कार्य किया जा रहा है उसके चलते जहां निर्माण की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि जब कोई शासकीय निर्माण कार्य होता है तो निर्माण स्थल पर निर्माण संबंधी सूचना वोर्ड स्थापित किया जाता है। जिसमें निर्माण कार्य संबंधी गुणवत्ता व कार्य शुरू होने से लेकर कार्य पूर्ण होने की अवधि का उल्लेख रहता है। मगर यहां पर इस तरह किसी भी प्रकार से कोई वोर्ड स्थापित न होना निश्चित तौर से गुणवत्ता की सच्चाई को संदेह के घेरे में लेने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर यदि गुणवत्ता की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो करोड़ो की लागत से बनाये जाने वाली इस ओबर ब्रिज की गुणवत्ता तो बीते हुये वर्ष यानि की 27 अगस्त 2020 को उस समय उजागर होने से नही चूक पाई थी जब निर्माणाधीन ओबर ब्रिज की एक ओर की दीवार जरा सी बारिश के चलते धराशायी हो जाने के कारण संपूर्ण निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग चुका है? इस स्थिति में उम्मीद की जा रही थी कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओबर ब्रिज के संपूर्ण कार्य को निरस्त करते हुये नये सिरे से गुणवत्ता से परिपूर्ण कार्य कराया जावेगा? मगर हैरत तो उस समय देखने मिली जब निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा मात्र टूटे हुये भाग की लीपापोती करते हुये कार्य को आगे की ओर अंजाम देना शुरू कर दिया गया है, जिसका परिणाम है कि निर्मित हुआ शेष भाग आज भी गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध बना हुआ देखा जा रहा है? इस तरह बीते हुये तीन वर्ष जहां यह ब्रिज अपनी गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध तो बन ही चुका है। मगर इस समय इस ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य जिस तरह धीमी गति से चलते हुये देखा जा रहा हे उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद इसके निर्माण कार्य को पूर्ण होते हुये तब देखा जा सकेगा जब भूमि पूजन के मौके पर जन्म लेने वाले बच्चे दूल्हा बन चुके होगे...? मगर हैरत की बात तो यह है कि इस तरह मनमाने व धीमी गति से चल रहे इस ओबर ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर न तो अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी कोई आवाज उठा रहे है।

## प्रेक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने किया निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिये होने वाले आम चुनाव के तहत प्रथम चरण का चुनाव होने के बाद अब दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियों में प्रशासन तंत्र जुटा हुआ दिखाई देने लगा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक द्वारा विधान सभा क्रमांक 121 गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निर्वाचन कार्यालय सहित अनेक मतदान केन्द्रो का निरीक्षण करते हुये वहां पर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लगी गई। बताया जाता है कि इस दौरान उनके साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक उमेश तिवारी व तहसीलदार प्रियंका नेताम, आकाश डहारे व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद थें। इस दौरान प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन कार्यालय में स्थापित किये गये अलग अलग काउन्टर पर पहुंचकर वहां तैनात अधिकारी व कर्मचारियों से चर्चा करते हुये जरूरी जानकारिया ली गई।

### छोटी बच्ची के जागने की बात को लेकर देवर व जेठ की मारपीट

गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे के साथ मारपीट करने पर उतारू होने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम गरहा में देखने मिली है जहां पर एक छोटी बच्ची के जागने को लेकर महिला के साथ मारपीट की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गरहा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि घर में सो रही एक छोटी बच्ची जाग कर जब रोने लगी तो इसी बात को लेकर उसके देवर दुर्गेश तथा जेठ शिवकुमार द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

## अपने अस्तित्व को बचाने ने के लिए जूझ रहा सालीचौका साप्ताहिक बाजार

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** अक्सर देखा जाता है कि जब किसी शहर या कस्बे में साप्ताहिक बाजार लगता है तो निश्चित उस क्षेत्र के लोगों को बाजार से काफी सुविधा होने के साथ साथ सप्ताह में एक दिन जरूरी सामग्री निर्धारित दामों पर उपलब्ध हो जाती है, कुछ इसी प्रकार से नगर सालीचौका में सप्ताह में दो दिन यानि की गुरूवार व रविवार को लगने वाले बाजार में देखी जाती है



यहां पर बाजार के दिन सिर्फ सालीचौका ही नही बल्कि आसपास के अनेक गांवों से लोग पहुंचकर जहां जरूरी सामग्री खदीदते है और इस बाजार में दूर दूर से दुकानदार आकर अपनी दुकान लगाते हुए रोजी रोटी भी चलाते है। मगर देखा जा रहा है कि नगर में लगने वाले इस साप्ताहित बाजार पर जिस प्रकार से बदहाली की काली छाया मंडरा रही है उसके चलते बाजार लगातार अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझने लगा है? वर्षो से लगने वाले इस बाजार में लगातार अतिक्रमण होने के कारण जहां दुकानदारों के लिए जगह कम होती चली जा रही है और इसी का परिणाम है कि दिनों दिन बाहर से दुकानदारी करने आने वालें दुकानदारों में कमी दिखाई देने लगी है, वही बाजार के दिवस पर होने वाली आवारा गर्दी के चलते भी लोगों द्वारा इस बाजार में आने के लिए भय सताने लगी है, जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस बाजार का संपूर्ण संचालन नगर परिषद के जिम्मे है जो बाजार में दुकानदारी करने वाले लोगों से टेक्स की बसूली तो की जाती है, मगर दुकानदारों को सुविधा के नाम पर कुछ उपलब्ध नही हो पा रहा है इस स्थिति में दुकानदारों को तो परेशान होते हुए देखा जा रहा है। मगर बाजार में फैल रही अव्यवस्थाओं के साथ बदहाली को लेकर किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है जिसके चलते नगर के जनप्रतिनिधियों की स्वार्थ पूर्ण कार्यशैली का शिकार हो रहे इस बाजार की ओर यदि समय रहते हुए ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही नगर का यह बाजार भी समीपस्थ ग्राम बसुरिया के साप्ताहिक बाजार का रूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ेगा? ज्ञात हो कि वर्षो पूर्व समीपस्थ ग्राम बसुरिया में प्रति मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी संपूर्ण क्षेत्र में जाना पहचाना जाता था, जिसमें सभी प्रकार की दुकाने लगने के साथ साथ इस बाजार में हमारे जिले के आलवा अन्य जिलों के दुकानदार भी पहुंचते हुए देखे जाते थें और बाजार का रूप इस प्रकार से हो चुका था कि लगातार दो दिनों तक समाप्त नही होता था, मगर यहां पर स्वार्थी नेताओं की भेंट चढ़ा बासुरिया बाजार एक छोटे रूप में पहुंच चुका है और यदि समय रहते हुए सालीचौका बाजार की व्यवस्थाओं की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही एक दिन यह बाजार भी उसी रूप में आ पहुंचेगा जिसमें चंद दुकाने ही दिखाई देगी? यह बात अलग है कि आये दिन नगर में राजनैतिक या फिर सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान नगर के नेताओं की भीड़ व प्रभाव देखने के लिए तो जरूर मिलता है, मगर बदहाली की स्थिति में पहुंच रहे इस बाजार की ओर शायद ही आज तक किसी नेता या फिर जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी सोच रखी गई हो? जिससे नगर की बाजार में फैल रही व्यवस्थाओं में सुधार हो सुके।

## गर्मी के मौसम में इस बार आधुनिक नजर आयेंगे देशी फ्रिज



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रचंड गर्मी के मौसम में कंठों की प्यास बुझाने के लिए आमतौर पर शहरवासी मटकों के पानी का उपयोग करते है। हालत यह है कि हर साल महाशिवरात्रि पर्व बीतने के बाद बाजारों में मटकों की रेंज सजी दिखायी पड़ती है और होली तक तो देशी फ्रिज कहलाने वाले मटकों की मांग में इजाफा हो जाता है। यही कारण है कि शहर के कुंभकारों ने काफी दिन पहले से ही इन मटकों को आकार देकर उनका संग्रह करना शुरू कर दिया था। कामथ वार्ड के कुंभकार परिवार के युवा सदस्यो ने हरिभूमि को बताया है कि हमारे परिवार में पीढ़ियों से मिट्टी के पात्र बनानें का काम होता चला आया है। हमारे हुनर का कमाल है कि जब हम गर्मी के मौसम में हजारों लोंगो की प्यास बुझाने वाले मटकों का निर्माण करते है तो मिट्टी बोलने लगती है तथा उन्हे भरोसा दिलाने लगती है गर्मी के मौसम में उनकी आजीविका अच्छी तरह चलेगी, उन्होंने बताया कि फिलहाल आकर्षक मटके तैयार करने के लिए उन्हे मिट्टी, लकड़ी मिल रही है पर उन्होंने अपना धंधा लाभप्रद बनाने इस वर्ष नया प्रयोग करते हुए आधुनिक डिजाईन के ऐसे मटके निर्मित किये गये है जिनका रूप रंग देखकर इस गर्मी में गरीब, अमीर आश्चर्यचकित रह जाएंगे, रेत के ढेर पर रखने के बाद इन मटकों का पानी फ्रिज के पानी की तरह अत्याधिक ठंडा हो जाएगा। इस तरह गर्मी के मौसम में प्यासों की आत्मा तृप्त करना अपना धर्म बताते हुए नगर के कुम्भकारों का कहना है कि हमारा धंधा साधन हीनता का शिकार होता चला जा रहा है। शासन प्रशासन कुम्भकारों की सुध नही ले रहा है और अभी तक हम कुम्भकारों का संगठन न बनने से कुंभकारो को अपने हक के लिए आवाज नही उठ पा रहे है। इसी परिणाम है कि मिट्टी के वर्तन, मूर्तियॉ बना सबकों सुख देने वाले कुम्भकार संघर्ष पूर्ण जीवन बिताने मजबूर हो रहे है,उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि वह कुम्भकारो को सुविधाएॅ देकर अपना धंधे के विस्तार का मौका प्रदान करें।

## बंदूक लायसेंसधारी भी ले रहे गरीबी रेखा योजना का लाभ तो सही हकदार भटकने के लिये हो रहे मजबूर



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले लोगों का भला करने की उद्वेश्य को लेकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उसका लाभ गरीबों को मिलने की जगह बड़े बड़े जमीदार लोग लेते हुए दिखाई दे रहे है, यदि सही मायने में देखा जावे तो इस योजना के तहत पात्र हितग्राही वही माने जाने है जिनके पास तीन एकड़ से कम जमीन हो, मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गरीब रेखा सूची में अनेक इस प्रकार के लोगों के नाम देखने आसानी से मिल सकते है जिनके पास ट्रेक्टर से लेकर खेतों में नलकूप पानी दे रहे है इतना ही नही यदि गरीबी रेखा सूची की सच्चाई को जानने के लिए गहराई से खोज की जावे तो बंदूक के लाईसेंसधारी लोगों के नाम भी इस सूची में मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जिसमें देखा जावे तो इस समय जनपद पंचाय सांईखेड़ा के अन्तर्गत अनेक ग्रामों में बनी गरीबों की लिस्ट को देखा जावे तो बड़ा आश्चर्य होता है। क्योंकि ब्लाक के पास उपलब्ध गरीबी सूची का यदि ईमानदारी से मुआवना किया जावे तो अनेक चौकाने वाले नाम सामने आ सकते है और उन लोगों तक नाम है जिनके पास टेक्ट्ररों से लेकर अनेक मोटर साईकिले तथा कई एकड़ जमीन है और जिनके बच्चें अधिक फीस वाले मंहगे स्कूलों में पढ़ने शहर जा रहे है, इतना ही नही गई लोगों के पास तो बंदूकों का लाईसेंस होने के बाद भी गरीब बने है। अधिकांश लोगों की स्थिति तो यह तक बन बनी है कि वह कई एकड़ जमीनों में धनी होने के बाद जमीन बच्चों के नाम कर शासन की वृद्वावस्था योजना का भी पूरा लाभ लेते हुये देखे जा रहे है, जिसके कारण शासन की गरीबी रेखा का लाभ जो सही पात्र माने जाने वाले गरीबों को मिलना चाहिए वह उन्हें न मिलकर पैसा बालों को अमीर बनाता जा रहा है।

## बैंक शाखाओं के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों से परेशानी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के अनेक बैंकों की शाखाओं में रोजना आवश्यक कार्य से आने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रहती है। इन हालतो के चलते अधिकांश बैंक शाखाओं में पार्किक व्यवस्था न होने से उपभोक्ताओं के वाहन बेतरतीब ढंग से आधी सड़कों को घेर कर खडे रहते है जिसके चलते आम राहगीरों के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जिसकी मिसाल के तौर पर नगर के स्टैट बैक एवं यहां चांवड़ी रोड पर स्थित एक बैंक शाखा का नजारा है, जिसके सामने दो पहिया वाहन खड़े कर उपभोक्ता तो उक्त बैंक के अंदर दाखिल हो जाते है किन्तु उनके बाहर खड़े वाहनों से सड़क संकीर्ण हो जाती है ओर राहगीरों के साथ साथ यहां से निकलने वाले आटों चालकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बैंक शाखाओं में पार्किग व्यवस्था करने की माँग आमजन तथा उपभोक्ता उठा चुके है। लेकिन बिडम्बना की बात है कि इस दिशा में संबंधित अधिकारियों ने अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की है, जिसके कारण आये दिन उपभोक्ताओं की वाहन चोरी होने की घटनाएं भी सामने आती रहती है। जबकि गौर किया जावे तो इन बैकों के आसपास लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थो के चलते जहां शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण कर कब्जा जमाते हुए अनेक निर्माण कार्य करा दिये गये है। वही लोगों का कहना है कि यदि उन निर्माणों कार्यो के हटा दिया जावे तो लोगों को व वाहन चालकों को परेशानियों से निजात मिल सकती है? मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर के भारतीय स्टैट बैक व चांवडी रोड पर स्थित बैक के सामने मुख्य रोड पर खड़े रहने वाले वाहनों से आम लोगों के लिये परेशान होना पड़ता था। मगर अब तो हालत यह है कि नगर में पुराने बस स्टेन्ड की ओर जाने वाले मार्ग तथा शासकीय चिकित्सालय से पलोटनगंज की ओर जाने वाले मार्ग का हाल भी इसी तरह देखने मिलना शुरू हो गया है। बताया जाता है कि नगर के पलोटन गंज की ओर जाने वाले मार्ग यानि की टी व्ही एस शोरूम के चंद कदम दूरी पर कुछ महिनो पहले स्थापित हुई एक बैक का हाल तो इस तरह देखा जा रहा है कि उसके पास अपने उपभोक्ताओं के लिये किसी भी प्रकार से पार्किग व्यवस्था नही होने के कारण उनके वाहन मुख्य मार्ग पर ही खड़े रहते है। जबकि यह शहर का मुख्य मार्ग माना जाता है जहां पर प्रतिदिन स्कूलों की बसो से लेकर तहसील कार्यालय व पुलिस थाने के लिये आने जाने वाले लोगों का भी निकलना होता है।

# लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक किया मतदान

मेंहदवानी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के पहले चरण में मंडला संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विकास खंड मेंहदवानी के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में सुबह से मतदाताओं की लम्बी कतार लग गई। महिला पुरुष सभी मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान कर अपनी अहूती दी। गर्मी की चिलचिलाती धूप में भी मतदाताओं ने धैर्य रखा और मतदान कर अपना फर्ज निभाया। मतदान केन्द्रों में धूप से बचने टेंट लगाए गए थे जिससे छाया की व्यवस्था रही। मुख्यालय मेंहदवानी, सारसडोली, कठौतिया, कनेरी, कुटरई,बिलगढ़ा सहित सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं में मतदान कर जागरूक होने का अहसास कराया। नजदीकि ग्राम मोहगांव के मतदाताओं ने पैदल नर्मदा नदी पार कर मतदान केन्द्र सलैया में जाकर मतदान किया। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और समय समय पर राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जाता रहा। मुख्यालय मेंहदवानी के मतदान केन्द्र भाग-1 में तकनीकी गड़बड़ी के चलते लगभग आधा घंटा बाद मतदान प्रारंभ हुआ।

## ईलाज के दौरान मौत, आईपीएल मैच देखने के दौरान हुई थी मारपीट, मामला दर्ज



**मेंहदवानी**। शाहपुर थाना अन्तर्गत रामगूडा में रविवार शाम आईपीएल मैच देखने के दौरान अधेड के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने मार पीट कर घायल कर दिया था जिसके बाद से घायल झल्ला मार्को पिता मैकू मार्को उम्र 50 साल निवासी रामगूडा एवं आरोपी घिन्नू दास पडवार गांव से गायब हो गये थे । परिजनो और ग्रामींणो ने गायब दोनो व्यक्तियो की तलाष करना शुरू किया तो घिन्नूदास वापस आ गया लेकिन झल्ला मार्को वापस नही आया जिसकी तलाष जारी थी इसी दौरान रामगूडा के जंगल में गुरूवार को लगभग 10.30 बजे अधेड अधमरा बेहोषी की हालत में पत्थरो में दबा मिला जिसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट लगी थी । जिसको पत्थरो के नीचे से निकालकर 108 वाहन की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई। मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाई के बाद शव का पीएम करा परिजनो को सौप दिया गया। वही आरोपी घिन्नूदास के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को रामगूडा में वीरनदास टांडिया के घर में टीव्ही पर आईपीएल क्रिकेट मैच चल रहा था जिसे देखने के लिए पडोसियों समेत झल्ला मार्को एवं घिन्नू दास पडवार भी मौजूद थे इस दौरान किसी बात को लेकर झल्ला मार्को एवं घिन्नूदास के बीच विवाद शुरू हो गया और घिन्नूदास ने झल्ला मार्को को मारपीट करते हुए घायल कर दिया था मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया जिसके बाद से दोनो गायब हो गये थे ।

### खबर संक्षेप

#### कासा नदी में बने स्टाप डेम में डूबने से ग्रामीण की मौत

**डिण्डौरी**। जिले के शाहपुर थाना अन्तर्गत ग्राम बिजौरा निवासी 55 वर्षीय ग्रामींण की डेम के पानी में डूबने से मौत हो गई । पुलिस ने बताया कि मोहन सिंह परस्ते कासा नदी में बने स्टाप डेम में नहाने गया था । पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई । सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामा बनाकर शव का पीएम के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया । पीएम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया । मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है।

#### कटी फसल में लगी आग, फसल जलकर खाक

**अनूपपुर**। कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दुधमनिया में पूर्व सरपंच अवधराज सिंह की खेत में रखे अरहर, गेहूं एवं अन्य तरह की फसल की करही में 19 अप्रैल की दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से आग लगने के से फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच सुधार सिंह द्वारा दिए जाने पर नगरपालिका परिषद अनूपपुर की फॉयर बिग्रेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। फसल पर अचानक आग लगने का कारण समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

#### पाती के जरिए सभी मतदाताओं को मतदान का दिया न्यौता

**पन्ना**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दिवस पर सभी मतदाताओं से बुंदेली भाषा में मतदान की अपील की है। उन्होंने पाती के माध्यम से की गई अपील में सभी मतदाताओं से कहा है कि शुक्रवार, 26 अप्रैल खां लोकसभा के चुनाव होने हैं। सो आप सब जनन खां वोट डालवे जरूर जानें काये कि आप औरन नें पैलें भी मतदान में बढ़चढ़ के भाग लओ है सो ईबार भी जोई करने।जिला कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र में बड़ो हो या छोटो सबखों वोट बराबर औ कीमती है, ईसे अपन खां सबई जनन के संगे बहुतई सोच समझ के बिना कौनऊ लोभ लालच के बिना कोऊ कि बातन में आय, अपनों और अपने लड़का बच्चन को भविष्य तय करवे वोट देवे जाने। चुनाव लोकतंत्र को सबसे बड़ो महापर्व कहाऊत औ जो पांच साल में एक बार आने ईसे अच्छे से सोच विचार के निडर और निर्भीक हो कै वोट देनें। औ कौनऊ प्रकार के नशा, रूपया, पैसा के लालच में नई आने।

#### माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक 22 अप्रैल को

**पन्ना**। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत सभी माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व निर्वहन के लिए 22 अप्रैल को बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आयोग के प्रावधानों के संबंध में शाम 5 बजे टाउन हॉल पन्ना में ब्रीफ किया जाएगा। इस दौरान सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।



**डिंडौरी**। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है। आज छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, मंडला, शहडोल और सीधी में वोटिंग हो रही है। सुबह से ही लोग बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। कई जगह दूल्हा दुल्हन सीधे शादी के मंडप से वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे तो कोई विदेश से अपने मताधिकार का उपयोग करने भारत पहुंचा। लोकतंत्र के महापर्व की एक खूबसूरत तस्वीर डिंडौरी में भी देखने को मिली, जहां एक युवती हल्दी रस्म के बीच देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने मतदान केंद्र पहुंची।

#### -सभी से मतदान करने की अपील

युवती का नाम मेघा जैन बताया जा रहा है। मेघा जैन ने निकटतम मतदान केंद्र सब्जी मंडी डिंडौरी पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। मेघा ने कहा कि सभी नागरिकों को हर हाल में मतदान अवश्य करना चाहिए। बता दें कि मध्य प्रदेश में पहले चरण के लिए 6 सीटों पर मतदान जारी है। इस लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए सुबह से ही मतदाता लाइन में लगे हैं और अपने प्रत्याशी का चुनाव करने के लिए मतदान कर रहे हैं।

## सेल्फी विद इंक अभियान लाया रंग, युवाओं ने उत्साह से मतदान कर ली सेल्फी देखें तस्वीरें

**डिंडौरी**। अपने सामाजिक सरोकारों की कड़ी में हरिभूमि ने स्याही वाली सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसके तहत शुक्रवार को मतदान के पश्चात स्याही वाली सेल्फी, मतदाताओं से मंगाई गई थी। करीब एक हजार सेल्फी हरिभूमि को प्राप्त हुईं। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत पहले चरण में 19 अप्रैल को मंडला संसदीय क्षेत्र में मतदान हुआ,लोकतंत्र के महापर्व को लेकर प्रत्येक मतदाता अपने अमूल्य मतदान के लिए उत्सुक और तैयार दिखे। इसी खुशी को और अधिक बढ़ाने के लिए हरिभूमि प्रबंधन ने सेल्फी विद इंक प्रतियोगिता आयोजित की थी ,जिसके माध्यम से मतदाताओं की फोटो प्रकाशित की गई ।




## कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार मरकाम ने किया वोट, बोले- इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार



**डिंडौरी**। मंडला डिंडौरी लोकसभा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार मरकाम ने अपने गृह ग्राम बरनई में परिवार के साथ मतदान किया. ओमकार बूथ क्रमांक 260 पर वोट डालने पहुंचे. जी मीडिया से बात करते हुए ओमकार मरकाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की आलोचना की. मतदान के बहिष्कार की घटनाएं को लेकर जिम्मेदार ठहराते हुए ओमकार मरकाम ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

## प्रशासन की समझाईंस के बाद विरोध कर रहे ग्रामीणों ने किया मतदान

**डिण्डौरी**। लोकतंत्र के महापर्व में शुक्रवार को लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण में मंडला संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत डिण्डौरी जिले में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ लेकिन नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामींण अंचलो में मतदान की गति धीमी रही वही ग्रामींण ईलाको में मतदाताओं ने मूल भूत सुविधाऐं मुहैया न होने को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए मतदान का बहिष्कार करते नजर आये । प्रषासन द्वारा लगातार मतदान करने के लिए समझाईस दी जा रही थी । जिनमें सुनपुरी गांव में जल संकट से जूझ रहे ग्रामींणो ने चुनाव बहिष्कार किया वही टिकरिया गांव में भी पेय जल संकट को लेकर मतदान नही करने का मन बनाया था । वही समनापुर के उमरिया गांव के ग्रामींण भी बांध निर्माण के विरोध में लोक सभा चुनाव का बहिष्कार करते नजर आये । इन सबके बीच सुनपुरी में कर्मचारियों ने मतदान कर शुरूआत कर दिया है वहीं अन्य पोलिग बूथो में प्रषासन के अधिकारी व कर्मचारियों ने मतदान के लिए ग्रामींणो को समझाईस देते रहे । हालाकि अधिकारियों की समझाईस काम आयी और विरोध कर रहे ग्रामींण मतदान करने के लिए राजी हो गये ।



## लकी ड्रॉ में चयनित मतदाताओं को दिया जाएगा उपहार

डिण्डौरी



डिण्डौरी नगरीय क्षेत्र में आने वाले जागरुक मतदाताओं के लिये आकर्षक उपहार वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 15 तक के 18 मतदान केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गयी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 05 मतदाताओं को आकर्षक उपहार दिए जा रहे है जिसके तहत पहले मतदान करके आओ फिर आकर्षक उपहार पाओं द्वारा मतदान का संदेश गया।प्रथम लकी ड्रा 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे खोला गया बूथ नम्बर 48 सब्जी मंडी के विजेता मनीषा पटेल, शिवांगी पटेल,प्रकाश नारायण,रेखा,आरजू वार्ड 5 में राजेश सोनपाली, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संजू शुक्ला, केतकी वर्मन, शिखा सिंह ठाकुर मतदान क्रमांक 45 से सुदील बर्मिय्या, पवन उसराठे, रंजीत सिंह धुर्वे, शैलेन्द्र जोशी, नर्मदा डोंगरे वार्ड 4 से राकेश जैन, सपना जैन, अंकित जैन, रौनक राय, वंश जैन लकी ड्रा के विजेता रहे।दूसरा लकी ड्रा 2 बजे और तीसरा लकी ड्रा मतदान समाप्ती के बाद सायं 07 बजे के खोला गया।

## विवाद होने पर महिला ने खाये कनेर के बीज

**डिण्डौरी**। जिले के गाडासरई थाना अन्तर्गत 35 वर्षीय महिला को कनेर के बीज का सेवन कर लेने पर जिला अस्पताल लाया गया है। अस्पताल चैकी में पुलिस को दिये कथन में कमलेष्वरी ने बताया कि 16 अप्रैल को उसके पति लोकराम के साथ उसका लडाई झगडा व विवाद हुआ था। इसी रंजिष के चलते उसने 17 अप्रैल को शाम लगभग छः बजे के आस पास पेढ से पांच कनेर के बीज तोडकर लाई और उसे खा लिया । कुछ देर बाद महिला को उल्टियां हुई और हालत बिगडने लगी महिला ने अपने बडे बेटे को घटना के बारे में बताया । सूचना के बाद वह महिला को मोटर सायकल से जिला अस्पताल लेकर आया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सडक दुर्घटना में तीन युवक घायल

**डिण्डौरी**। जिला मुख्यालय निवासी तीन युवक सडक दुर्घटना में घायल होने पर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है । अस्पताल चैकी से मिली जानकारी के अनुसार निखिल 21 वर्ष, आयुष 20 वर्ष और अनिकेत उम्र 24 साल को घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय लाया गया है, जहां उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जवारों का विर्सजन का क्रम जारी



**नरसिंहपुर ।** राम नवमी के बाद से नगर मे स्थापित जवारों के विर्सजन का क्रम जारी है । इसी क्रम मे चैत्र मास की कामदा एकादशी व्रत के अवसर पर जय हनुमान दुर्गा मंडल पाठक वार्ड द्वारा 31 बारी जवारों की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें माता रानी व महादेव की मनमोहक झांकी के साथ जे सीबी सहित बाल योगी की झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर पाठक वार्ड सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। नगर में सभी माता भक्तो ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### सड़क दुघर्टना में दो घायल

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस पाठा के पास हुई सड़क दुघर्टना मे दो लोग घायल हो गये । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस पिता राकेश ठाकुर उम्र 33 वर्ष निवासी मुंगवानी एवं कृष्ण कुमार पिता सरदार सिंह पाल उम्र 35 वर्ष निवासी कठोतिया थाना मुंगवानी पाठा के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गये जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर दोनो का उपचार जारी है ।

### प्रौढ़ ने किया जहरीली वस्तु का सेवन जबलपुर रेफर

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस प्रौढ़ ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया । मिली जानकारी के अनुसार सुखराम पिता धनीराम केवट उम्र 45 वर्ष निवासी ढाना भूमिया पुलिस चौकी सिहोरा द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया ।

### शासकीय एम्बुलेंस में ढोये जा रहे निजी अस्पताल के मरीज

**नरसिंहपुर ।** सरकारी एंबुलेंस के संचालन में फजीवाड़ा और मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पहले अवैध ट्रिप दिखाकर शासन से फर्जी भुगतान को आवेदन किया, मगर फजीवाड़ा पकड़ा गया। अब एंबुलेंस चालकों ने मरीजों को सरकारी की जगह निजी अस्पताल में भेजना शुरू कर दिया है। गुरूवार को जननी एम्बुलेंस द्वारा एक महिला मरीज को निजी अस्पताल में ले जाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो दादा महाराज बायपास का बताया जा रहा है। वीडियो में सीजी 04 एनआर 9926 नंबर की एंबुलेंस एक निजी अस्पताल के बाहर रूकती दिखाई देती है। उसमें महिला मरीज निजी अस्पताल से अपने घर जाती हुई दिखाई दे रही है। नियमानुसारए कोई भी सरकारी एंबुलेंस किसी भी निजी अस्पताल के मरीज को नहीं ले जा सकती। उन्हें मरीज को सरकारी अस्पताल में ही भर्ती कराना होता है। जानकारी के अनुसार निजी अस्पताल में भर्ती महिला मरीज के बच्चेदानी का आपरेशन किया गया था, वही अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर महिला के परिजनों ने जननी एम्बुलेंस के ड्राईवर से बात की और सौदा तय हो गया, जिसके बाद जननी एम्बुलेंस निजी अस्पताल पहुंची और महिला मरीज को बैठाया गया, इसी बीच वहा मौजूद किसी व्यक्ति के द्वारा वीडियो बना लिया गया, जिसका ड्राईवर द्वारा विरोध भी किया गया। विभागीय अफसरों के मुताबिक, एंबुलेंस के संचालन में काफी खेल होता है। कागजी कार्रवाई में न फंसे, इसके लिए एंबुलेंस के पायलट व इएमटी मरीज के तीमारदार से कागजों मरीज के हस्ताक्षर कराकर उन्हें निजी अस्पताल ले जाते हैं।

# शांतिपूर्ण हुआ मतदान, लोगों में दिखा उत्साह

## ससुराल जाने के पूर्व दुल्हन ने किया मतदान









**मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नरसिंहपुर जिले की विधानसभा क्षेत्र 118. गोटेगांव में शुक्रवार 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से मतदान कार्य प्रारंभ हुआ। सुबह से ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं का जमावड़ा लगा रहा। सायं 6 बजे तक मतदान किया गया।**

नरसिंहपुर ।

इस संबंध में पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई थी। मतदान से पूर्व प्रातः: 5.30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉक पोल किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केन्द्र बनाए गए थे, जहां 62 प्रतिशत से अधिक मतदान किया गया ।

### पिता के साथ किया मतदान

गोटेगांव विधानसभा में लोकसभा चुनाव को लेकर अत्यधिक उत्साह मतदाताओं में देखा जा रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पाठा के नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता राम जी प्रसाद परते, अपने पिता रामकिशन के साथ लोकसभा निर्वाचन पहुंचे और अपना मतदान किया। संवाददाता से बातचीत के दौरान उन्होने बताया, कि लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदान करने की इच्छा उनके भीतर थी, ताकि देश का निर्माण कार्य सही हाथों में जाए, हालांकि वे कहते है, कि उनके एक वोट से कोई खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन बूंद-बूंद से सागर भरता है, यही सोच लेकर वे अपने पिता के साथ मतदान करने पहुंचे है।

### विदाई के पहले मतदान करने पहुंची दुल्हन

मंडला संसदीय क्षेत्र के गोटेगांव में वोटिंग के दौरान अजब-गजब नजारे भी देखने को मिले, मतदान केन्द्र में सजी संवरी दुल्हन अपने दूल्हे के साथ पहुंची और मतदान किया। गोटेगांव खेड़ा निवासी पूजा मेहरा की गुरूवार रात शादी होने के बाद शुक्रवार को मतदान के दिन विदाई होनी थी, लेकिन दुल्हन मतदान करने के बाद ही विदा होने की जिद लेकर बैठ गई, जिसकी जिद के आगे दूल्हे को भी झुकना पड़ा और विदाई पूर्व वह अपनी नयी नवेली दुल्हन को लेकर मतदान केन्द्र पहुंचा जहां दुल्हन ने अपना मतदान किया। दूल्हा योगेश ने बताया, कि पूजा की इच्छा के चलते वे मतदान कराने यहां लेकर पहुंचे है, वही स्वंय के मतदान की बात को लेकर वे कहते है, कि विदाई उपरांत जब वे अपने घर पहुंचेगें तो वे भी मतदान अवश्य करेगें। मतदान जरूरी है, यह सीख उन्हे उनकी पत्नी से आज मिली है।

### विवाह के पूर्व किया मतदान

गोटेगाँव विधानसभा 118 की ग्राम पंचायत बरोदा की रहने वाली शालिनी यादव की आज शादी है। उन्होंने अपने मतदान केन्द्र 91 में पहुंचकर सर्वप्रथम मतदान किया। शालिनी का कहना था, कि हालांकि उनके परिवार के लोगों ने मतदान करने से मना भी किया लेकिन यह अवसर पांच साल में एक बार ही आता है, इसलिए मैं अपनी पसंद की सरकार और जनप्रतिनिधि चुनने अपनी शादी के दिन भी मतदान करने पहुंची हूं। विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में कुल 2 लाख 17 हजार 621 मतदाता हैं, जिनमें एक लाख 11 हजार 561 पुरूष, एक लाख 6 हजार 56 महिला व 4 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। इन मतदाताओं में 1550 पीडब्ल्यूडी मतदाता, 1911 बुजुर्ग मतदाता, 5487 नव मतदाता और 102 सर्विस वोटर शामिल हैं। दोपहर तीन बजे तक 118237 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। वही प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी ।

### व्हील चेयर पर वोट डालने पहुंचीं 70 साल की महिला

लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शारीरिक बाधाओं को दरकिनार कर गोटेगांव की एक महिला व्हील चेयर पर वोट डालने पहुंचीं। मण्डला संसदीय क्षेत्र की गोटेगांव विधानसभा 118 क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी में दिव्यांग मधुबाला गिरदोनिया व्हील चेयर से मतदान केंद्र पहुंची। मधुबाला गिरदोनिया ने कहा, कि उन्हें मतदान केंद्र में आकर ही वोट डालना था और वो संदेश देना चाहती थीं, कि हर शख्स वोट जरूर डाले, इसलिए व्हीलचेयर पर आकर वोट डाला, जबकि इन्हें घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई थी। वही 83 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता करोड़ी बाई ने गोटेगाँव विधानसभा 118 के बेलखेड़ी शेड मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही 95 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रामचरण लाल ने कृषि उपज मंडी करकबेल मतदान केंद्र 80 पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विदित हो, कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को उनकी स्वेच्छा से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है, बावजूद इसके रामचरण ने अपने मतदान केंद्र पर आकर मतदान किया।

### बिना टायर की साइकिल से पहुंचे अहमद

लोकसभा निर्बाचन क्षेत्र 14 के अंतर्गत गोटेगांव विधान सभा 118 के अंतर्गत वूथ क्रमांक 41 बम्हनी में लोकतंत्र के महापर्व पर एक अनोखे वोटर जो अपने असहाय पिता, जिनका नाम अहमद अली है,उनको लेकर मतदान केन्द्र पहुंचे थे, इन्होने बताया, कि उनके पिता, जो कि आंख एवं शारीरिक रूप से असहाय है, बावजूद इसके उनकी जिद पर वे उन्हे मतदान केन्द्र लेकर पहुंचे और देश की प्रगति के लिए अपना बहुमूल्य वोट दिया। श्री अहमद के पिता 85 से 90 बर्ष की उम्र के होने के बाद भी इतनी अधिक गर्मी होने के बाबजूद देश सेवा का जुनून देखने को मिला। जिन्होने बिना टायर की साइकिल पर अपने बेटे के सहयोग से मतदान केंद्र जाकर अपने मत का उपयोग किया।



# चोरों की धुनाई कर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

बीती रात शातिर चोर उस समय बुरी तरह फंस गए जब वे चोरी करने एक गांव में घुसे, लेकिन इससे पहले की ये चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे पाते, ग्रामीणजनों की नजर इन पर पड़ गई, जिसके बाद ग्रामीणजनों ने इन दोनों चोरों को घेरकर पकड़ा और जमकर धुनाई करने के बाद उन्हे पुलिस के हवाले कर दिया। पूरे मामले की जानकारी देते हुए उप पुलिस थाना सिंहपुर के अंर्तगत आने वाले ग्राम हिनौतिया के ग्रामवासियों ने बताया, कि उनके ग्राम में कई वर्षो से खेत और घरों में चोरी की घटनाएं लगातार घटित हो रही थी, जिसमें खेतों में नोजल और घरों से कीमती सामान चोरी किए जा रहे थे। ग्राम की रहने वाली गुलाब बाई ने बताया, कि गांव में लगाातर चोरी की घटनाएं लम्बे समय से हो रही थी, गुरूवार की रात में भी उसके घर में दो चोर घुसे, जिन पर महिला की नजर पड़ गई और चोर भाग खडे. हुए, लेकिन थोड़ी देर बाद दोनों चोर फिर उसी घर में वापिस आए लेकिन पहले से सतर्क परिवार के लोगों ने दोनों चोरों को पकड़ लिया। शोरगुल सुनकर आस-पडौस के लोग भी मौके पर पहुंचे जिन्हे देखकर दोनों चोर भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन ग्रामीणजनों ने घेराबंदी कर उन दोनों को दबोच लिया। जिसकी बाद उनकी जमकर मरम्मत करने के बाद चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया है। वही पुलिस अब इन चोरों से चोरी की वारदातों के संबध में पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों चोरों से कई चोरी की वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# डीजे वाहन ने मारी टक्कर, महिला की मौत



**नरसिंहपुर ।** बीती देर शाम कोतवाली थाना अंर्तगत आने वाले झिरना में मौजूद शराब दुकान के सामने बाईक से जा रही दम्पत्ति को पीछे से आ रहे डीजे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी, कि वाहन सवार दम्पत्ति सड़क पर गिर पडे, इसी बीच चौपहिया वाहन की चपेट में महिला आ गई, जिसके चलते वह बुरी तरह से घायल हो गई, महिला की गंभीर हालत को देखकर क्षेत्रीयजनों ने तत्काल ही एम्बुलेंस बुलवाकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, पूरे मामले की जानकारी देते हुए मृतक महिला के पति राजाराम सेन ने बताया, कि वे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाईक पर अपने घर वापिस लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे डीजे वाहन ने बाईक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद उनकी पत्नी के सीने से चौपहिया वाहन का पहिया गुजर गया, महिला की हालत अत्यंत गंभीर होने पर उसे एम्बुलेंस से अस्पताल में भिजवाया गया, जहां मृतक मेघा सेन ने दम तोड़ दिया। वही अस्पताल पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते्ुए पंचनामा कार्रवाई कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# विद्यार्थियों को कराया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

विगत दिवस एकेडमिक उत्कृष्ट गतिविधि आयोजन में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की संस्था प्रमुख डॉक्टर ममता शर्मा प्राचार्य के निर्देशन और इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉक्टर आर पी आमृवंशी के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल का भ्रमण जिसमें उदयगिरि की गुफाएं हेलिओडोरस गरुड़ स्तंभ विदिशा और विश्व प्रसिद्ध सांची बौद्ध स्तूप में एम ए इतिहास स्नातकोत्तर विषय के विद्याथीर्यों को करवाया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ आमृवंशी सर द्वारा विद्यार्थियों के लिए बताया गया कि इतिहास को जीवन में लाने का दूसरा तरीका ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करना है। उसी स्थान पर होना जहां कोई बड़ी ऐतिहासिक घटना घटी होए अत्यंत प्रभावशाली हो सकता है। जब आप इतिहास पढ़ाने के लिए केवल पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर रहते हैंए तो छात्रों के लिए यह कल्पना करना कठिन हो सकता है कि क्या हुआ है। हालाँकिए जब छात्र इतिहास के टुकड़ों को करीब से देखते हैं तो यह वह चीज नहीं रह जाती जिसके बारे में वे बस पढ़ते हैंए बल्कि यह और अधिक मूर्त हो जाता है। डॉ अमित कुमार ताम्रकार सर द्वारा विद्यार्थियों को उदयगिरि की प्राचीन गुफाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई बताया गया कि इन गुफाओं में भारत के कुछ प्राचीनतम हिन्दू मन्दिर और चित्र सुरक्षित हैं। इन गुफाओं में स्थित शिलालेखों के आधार पर यह स्पष्ट है कि ये गुफाएँ गुप्त नरेशों द्वारा निर्मित करायीं गयीं थी। उदयगिरि की ये गुफाएँ भारत के सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल हैं और भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक हैं। श्रीमती बबीता सोनी मैडम ने हेलियोडोरस स्तंभ एक पत्थर का स्तंभ है जिसे हेलियोडोरस द्वारा लगभग 110 ईसा पूर्व मध्य भारत में आधुनिक बेसनगर के पास विदिशा में बनवाया गया था। के बारे में जानकारी दी। और अंत में डॉक्टर राकेश कुमार पटले द्वारा सांची के बौद्ध स्तूप एक ऐसा स्थान था जहां बुद्ध और अन्य महत्वपूर्ण हस्तियों के अवशेष रखे गए थे। वर्तमान में,इस स्मारक के अवशेषों के लिए एक महत्वपूर्ण संरचना हैए इसमें पवित्र वस्तुएं हैं, इसका उपयोग मन्नत के रूप में किया जा सकता है यह भक्ति और ध्यान के लिए एक स्थान है। के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई । भ्रमण के दौरान शिक्षकों द्वारा इतिहास विषय संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने शामिल होकर आयोजन की अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ सराहना की गई। भ्रमण में 28 विद्यार्थियों, 04 शिक्षकों एवं 02 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# मरात्मक स्वाभाव वाले जंगली जीवों की क्षेत्र मे दहशत

## सर्चिंग मे जुटे ग्रामवासी, नही मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । बीते दो दिवस राजमार्ग के बंदरोहा क्षेत्र मे शेर व बाघ की दहशत बनी हुई है लोग आने जाने वाले व रिश्तेदारों को खबर भी कर रहे है कि रात्रि मे व दिन मे भी अकेल आना जाना ना करें । हालाकि ग्रामीणों द्वारा झुंड बनाकर लाठी डंडे लेकर खोज की जा रही है जिसमे अभी तक उन्हे सफलता नही मिली है वही शुक्रवार को किसी प्रकार की कोई जन धन की हानि हिंसात्मक जीवों द्वारा नही की गई लेकिन लोगो के दिलों मे शेर व बाघ का खौफ इस कदर समाया हुआ है कि लोग घर से बाहर निकले मे सोचते है व रात्रि कालीन आवाजाही बंद हो चुकी है ।

**मामला इस प्रकार-** जिले के बदंरोहा विक्रमपुर क्षेत्र मे बाघ द्वारा इसी सप्ताह दो गायो का शिकार किया जिसे लोंगो ने देखा वही गुरूवार व बुधवार की दरमियानी रात को हिंसक जंगली जीव द्वारा किसाने के बैल को शिकार बना गया । किसान ने बैल के शव को देखकर ही अंदाजा लगा लिया कि यह शिकार जंगली जीव ने किया है । किसान द्वारा गांव मे लोगो को खबर दी गई तो लोगे एकत्र होकर पहुंचे और पहाड़ी पर बब्बर शेर दिखा बंदर भी शेर के पीछे लगे हुये थे । हालाकि यह स्पष्ट नही कि बैल का शिकार किस जीव ने किया । उक्त मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई । ज्ञात हो कि नौरादेही अभ्यारण के सेंचुरी मे दो बब्बर शेर छोड़ गये है जिनकी जीपीएस लोकेशन भी ली जा रही है वही वाघ द्वारा इसी सप्ताह गायों का शिकार भी किया गया है ऐसी स्थिति यह स्पष्ट नही हो सका है कि बैल का शिकार बाघ ने किया है या बब्बर शेर है हांलाकि यह स्पष्ट है कि दोनो प्रजाति के हिंसात्मक जंगली जीवों की चहलकदमी जारी है ।

**नही मिल पा रही लोकेशन-** वन विभाग द्वारा छोड़े गये बब्बर शेरों की लोकेशन निकाली जा रही है जिसमे एक बब्बर शेर रेंज से बाहर बना हुआ है । जानकारों के अनुसार प्रशासन द्वारा लगाये गये जीपीएस कॉलर आई डी निकल चुकी है जिस कारण से लोके शन नही मिल पा रही है । प्रशासन द्वारा उक्त संबंध मे हर संभव प्रयास किये जा रहे है वही ग्रामीण भी क्षेत्र से हिंसात्मक जीवों को दूर करने का भरसक प्रयास कर रहे है हालांकि उक्त मामले मे अभी तक प्रशासन व ग्रामीणों के हाथ खाली के खाली ही है । अब देखना होगा कि मरात्मक स्वाभाव वाले जीवों का भय लोगों मे कब तक बना रहता है और प्रशासन द्वारा उक्त संबंध मे क्या कार्रवाई की जाती है







# हीरापुर धाम में 35 वां श्री राजराजेश्वरी महायज्ञ एवं शतचंडी यज्ञ 17 मई से

तेंदूखेड़ा

श्री श्री मां पराम्बा राजराजेश्वरी, श्री श्री मां जगतानंदी नर्मदा के अनन्य साधक, तपोनिष्ठ संत प्रवर, परम पूज्य सदगुरुदेव, श्री स्वामी जी महाराज की पावन तपोस्थली, श्री राजराजेश्वरी मंदिर, श्री कैलाश कुटी आश्रम, नर्मदा उत्तर तट, हीरापुर, तहसील तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर में वैशाख शुक्ल नवमी 17 मई से वैशाख पूर्णिमा 23 मई 2024 तक 35वां श्री राजराजेश्वरी महायज्ञ एवं शतचंडी यज्ञ का विराट अनुष्ठान परम पूज्य सदगुरुदेव स्वामी जी महाराज हीरापुर वालों की प्रेरणा, आशीर्वाद एवं संयोजकत्व में आयोजित किया जा रहा है। धर्म अनुष्ठान में प्रतिदिन याज्ञिक विधि विधान के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया गया है। अनुष्ठान की संपन्नता 23 मई वैशाख पूर्णिमा को पूर्णाहुति से होगी एवं इसी दिन महाप्रसादी भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। श्रद्धालुजन एवं शिष्य परिवार के सभी सदस्य अनुष्ठान में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित कर सकते हैं।

# संकटमोचक के प्रकटोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

तेंदूखेडा

आने वाली 23 अप्रैल मंगलवार में श्री हनुमान प्रकटोत्सव संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाये जाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। जगह-जगह हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न कराये जाने को लेकर आयोजक तैयारी में जुटे हुए हैं।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समीपी ग्राम ऊमरपानी में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड , हनुमान चालीसा , भजन , शिव रूद्राभिषेक पूजन अर्चन, श्री पंचमुखी हनुमान जी का चोला श्रृंगार , पांच ध्वज, श्री राम कथा एक दिवसीय , कन्याभोजन, प्रसाद वितरण समारोह आयोजित है । संस्थापक - महंत श्री कमल गिरि जी महाराज के पावन सानिध्य मे सभी भक्तजन हनुमान प्रकटोत्सव मे विगत 25 वर्ष से स्थापित पीपल वृक्ष के पास, जहां पुरातन बंजारन देवी का स्थान है , निकट ही सिद्ध दाने बाबा का स्थान है ।पिछले वर्षों मे यहां श्री नर्मदा जयंती महोत्सव भी भागवत महापुराण कथा के साथ मनाया जाता रहा है । दक्षिण मुखी - पंचमुखी हनुमान उमरपानी बहुत ही सिद्ध स्थल है । जहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना दादा पूरी करते है । इस वर्ष भी यज्ञ हवन-पूजन के साथ ध्वज चडाकर धूमधाम से हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जायेगा । तेंदूखेड़ा के राम घाट स्थित हनुमान मंदिर टाल मुहल्ला स्थित मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर पुत्री शाला वार्ड क्रमांक 08 09 तथा वार्ड क्रमांक 11 में नव निर्मित मंदिर में रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ बाजार मुहल्ला स्थित झंडा चैक के समीप वरिया वाले हनुमान जी मंदिर में पूजन अर्चन होगा।